Sl.No. :

नामांक Roll No.

Tear Here

No. of Questions – 22
No. of Printed Pages – 11

SS–31–Bus. Studies

उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2024

SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2024

व्यवसाय अध्ययन

BUSINESS STUDIES

समय : 3 घण्टे 15 मिनिट

पूर्णांक : 80

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर अपना नामांक अनिवार्यतः लिखें।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper.

2) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

All the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

यहाँ से काटिए

4) **जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।**

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

6) **प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।**

If there is any kind of error / difference / contradiction in the Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

खण्ड – अ

SECTION - A

बहुविकल्पी प्रश्न (i से xv)**:**

Multiple Choice Questions (i to xv) :

1) निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

Choose the correct option and write in given answer-book :

i) **संगठन प्रक्रिया का अन्तिम कदम है –** **[1]**

अ) कर्तव्यों का निर्धारण **ब) विभागीकरण**

स) रिपोर्टिंग **द) कार्य की पहचान व विभाजन**

The final step of organising process is -

A) Assignment of duties B) Departmentalisation

C) Reporting D) Identification & Division of work

ii) **वित्तीय प्रोत्साहन का उदाहरण है –** **[1]**

अ) बोनस **ब) संगठनिक वातावरण**

स) पदप्रतिष्ठा **द) पद सुरक्षा**

An example of financial incentive is -

A) Bonus B) Organisational Climate

C) Status D) Job Security

iii) **विपणन मिश्र के घटक 'उत्पाद' में सम्मिलित हैं –** **[1]**

अ) मूल्य स्तर **ब) विज्ञापन**

स) विक्रय प्रवर्तन **द) ब्राण्डिंग**

The element of marketing mix are involved in 'product'-

A) Price level B) Advertisment

C) Sales Promotion D) Branding

iv) हेनरी फेयोल के प्रबन्ध के सिद्धान्त हैं – **[1]**

अ) तीन ब) ग्यारह

स) चौदह द) आठ

Henry Fayol's principles of management are -

A) Three B) Eleven

C) Fourteen D) Eight

v) औद्योगिक उत्पादों को मुख्य रूप से ..... श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता हैं – **[1]**

अ) तीन ब) चार

स) दो द) पाँच

The industrial goods may be classified into _____ major categories-

A) Three B) Four

C) Two D) Five

vi) कर्मचारी व प्रबन्ध के एक दूसरे के प्रति व्यवहार परिवर्तन को कहते है – **[1]**

अ) मानसिक क्रान्ति ब) अच्छे औद्योगिक सम्बन्ध

स) प्रजातांत्रिक प्रबन्ध द) व्यावहारिक पक्ष पर बल

The change in behaviour of employees and management toward each other is called -

A) Mental revolution B) Good industrial relations

C) Democratic management D) Stress on practical aspect

vii) प्रशिक्षण की 'ऑफ द जॉब' विधि है – **[1]**

अ) शिक्षण ब) प्रशिक्षणार्थी कार्यक्रम

स) कार्य बदली द) चलचित्र

Off the job method of training is -

A) Coaching B) Apprenticeship Programme

C) Job Rotation D) Film

viii) ..... भूतपूर्व क्रियाओं का शव परिक्षण (पोस्ट मार्टम) है – **[1]**

अ) नियुक्तिकरण ब) नियोजन

स) संगठन द) नियन्त्रण

_____ is like a post mortem of past activities -

A) staffing B) planning

C) organisation D) control

ix) कौनसा अधिकार उपभोक्ताओं को उत्पाद के बारे में जानकारी देता है, जिसे वह खरीदना चाहता है –[1]

अ) सूचित किए जाने का अधिकार ब) निवारण पाने का अधिकार

स) सुनवाई का अधिकार द) सुरक्षा का अधिकार

Which right gives consumer information about the product, they want to buy -

A) Right to information B) Right to seek redressal

C) Right to heard D) Right to Safety

x) प्रबन्ध एक जटिल प्रक्रिया है जिसके ..... प्रमुख परिणाम है – [1]

अ) दो ब) तीन

स) चार द) पाँच

Management is a complex activity that has _____ main dimensions-

A) Two B) Three

C) Four D) Five

xi) अभिप्रेरणा प्रक्रिया का द्वितीय चरण है – [1]

अ) आवेग ब) तनाव

स) तनाव में कमी द) आवश्यकता सन्तुष्टि

The second step of motivation process is -

A) Drives B) Tension

C) Reduction of tension D) Satisfied needs

xii) नियोजन में नियम क्या बतलाते है – [1]

अ) क्या करना है? ब) कब करना है?

स) क्यों करना है? द) कैसे करना है?

What do the rules inform the planning -

A) What to do? B) When to do?

C) Why to do? D) How to do?

xiii) वह संगठन ढांचा जिसके संचालन में उत्पाद विशिष्टीकरण की आवश्यकता है – [1]

अ) औपचारिक संगठन ब) अनौपचारिक संगठन

स) कार्यात्मक संगठन द) प्रभागीय संगठन

The organizational structure which required product specilisation -

A) Formal organisation B) Informal organisation

C) Functional organisation D) Divisional organisation

xiv) प्रभावी सम्प्रेषण की व्यक्तिगत बाधा है – **[1]**

अ) संगठनिक नीति ब) अस्पष्ट संकल्पनाएँ

स) सम्प्रेषण में अनिच्छा द) असामयिक मूल्यांकन

Personal barriers of effective communication is -

A) Organisational policy B) Unclarified assumptions

C) Unwillingness to communication D) Premature evaluation

xv) नियोजन प्रक्रिया का अन्तिम चरण है – **[1]**

अ) अनुवर्तन ब) विकासशील आधार

स) विकल्पों का चयन द) योजना को लागू करना

The final step of planning process is -

A) Follow up action B) Developing premises

C) Evaluating alternative courses D) Implementing the plan

2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (i से vii) **:**

Fill in the blanks (i to vii) :

i) बिजली के सामानों पर ..... को देखें। **[1]**

Look _____ on electrical goods.

ii) सिद्धान्त, कार्य के लिए ..... का कार्य करते हैं। **[1]**

Principles are _____ to action.

iii) चयन एक ..... प्रक्रिया है। **[1]**

Selection is a _____ process.

iv) ..... क्रिया को प्रारम्भ करती है। **[1]**

_____ initiates action.

v) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण ..... प्रवर्तन मशीनरी द्वारा किया जाता है। **[1]**

Consumer grivences are redressed by the _____ tire machinery.

vi) ..... एक आन्तरिक अनुभव है। **[1]**

_____ is an internal feelings.

vii) नियोजन ..... की व्यवस्था करता है। **[1]**

Planning provides _____.

3) **अति लघुत्तरात्मक प्रश्न** (i से x) **:**

Very Short Answer Questions (i to x) :

i) **मूल्य क्या है?** **[1]**

What is price?

ii) **नियुक्तिकरण का आशय स्पष्ट कीजिए।** **[1]**

Clarify the meaning of staffing.

iii) **'प्रबन्ध एक उद्देश्य पूर्ण प्रक्रिया है'। कैसे?** **[1]**

Management is a goal oriented process. How?

iv) **उत्पाद का अर्थ बताइए।** **[1]**

Mention the meaning of Product.

v) **एक प्रबन्धक के रूप में, अधिकार अन्तरण एवं विकेन्द्रीकरण में प्रकृति के आधार पर अन्तर कीजिए।** **[1]**

As a manager differenciate between delegation and decentralisation on the basis of 'nature'.

vi) **पैकेजिंग क्यों महत्वपूर्ण हैं? एक बिन्दु लिखिए।** **[1]**

Why packaging is important? Write one point.

vii) **विकेन्द्रीकरण का क्या अर्थ है?** **[1]**

What is the meaning of decentralisation?

viii) **'पर्यवेक्षक, प्रबन्ध तथा श्रमिकों के मध्य एक कड़ी के रूप में कार्य करता है।' कैसे?** **[1]**

'Supervisor, acts as a link between workers and management.' How?

ix) **'कैविट एम्पटर' क्या है?** **[1]**

What is 'Coveat emptor'?

x) **विकेन्द्रीकरण से शीघ्र निर्णय लिए जा सकते है, क्या आप इससे सहमत है, यदि हाँ तो क्यों?** **[1]**

Decision can be takes quickly in decentralisation. Do you agree with this, 'if yes', why?

खण्ड – ब
SECTION - B

लघुत्तरात्मक प्रश्न – (4 से 15)
Short Answer Questions - (4 to 15)

4) **आपकी राय में नियन्त्रण क्या है? समझाइए।** **[2]**
In your opinion, what is control? Explain.

5) **विपणन के किन्हीं दो कार्यों को समझाइए।** **[2]**
Explain any two functions of marketing.

6) **'राज्य आयोग' को समझाइए।** **[2]**
Explain the 'State Commission'.

7) **प्रबन्ध के किन्हीं दो संगठनात्मक उद्देश्यों को समझाइए।** **[2]**
Explain any two organisational objective of management.

8) **औद्योगिक पदार्थ के अन्तर्गत आपूर्ति एवं व्यावसायिक सेवाओं को चार्ट द्वारा प्रदर्शित कीजिए।** **[2]**
Show the suppliers and business services in industrial goods by the chart.

9) **नियन्त्रण के कोई दो महत्व लिखिए।** **[2]**
Write any two importance of control.

10) **उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 किस प्रकार के व्यवसायों पर लागू होता है?** **[2]**
What type of business does the consumer protection act 2019 apply to?

11) **आपकी राय में उच्च स्तरीय प्रबन्ध क्या है?** **[2]**
In your opinion, what is the top level management?

12) अंगूरीलता सम्प्रेषण के निम्न तन्त्रों को चार्ट द्वारा प्रदर्शित कीजिए – **[2]**

अ) इकहरी श्रृंखला ब) गपशप/अफवाहें

Show the following network of grapvine communication through a chart -

a) Single Strand b) Gossip

13) चालू सम्पत्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए, दो उदाहरण दीजिए। **[2]**

Explain the meaning of current assets, give two example.

14) बाजार उत्पाद का क्या अर्थ है? **[2]**

What is the meaning of market product?

15) चालू दायित्वो का अर्थ स्पष्ट करते हुए दो उदाहरण दीजिए। **[2]**

Explain the meaning of current liabilities, give two example.

खण्ड – स
SECTION - C

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न –

Long Answer Questions -

16) उदारीकरण का क्या अर्थ है? समझाइए। **[3]**

What is the meaning of 'Liberalisation'? Explain.

अथवा/OR

वैश्वीकरण का क्या अर्थ है? समझाइए।

What is the meaning of Globalisation? Explain.

17) एक प्रबन्धक के रूप में, नियोजन की किन्हीं तीन सीमाओं को समझाइए। **[3]**

As a manager, explain any three limitations of Planning.

अथवा/OR

एक प्रबन्धक के रूप में, नियोजन प्रक्रिया के अन्तिम तीन चरणों को समझाइए।

As a manager, explain the last three steps of Planning Process.

18) आपकी राय में, पूंजी संरचना को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन बिन्दुओं को समझाइए। **[3]**

In your opinion, explain any three factors affecting the capital structure.

अथवा/OR

आपकी राय में, स्थाई पूंजी की आवश्यकता को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों को समझाइए।

In your opinion, explain any three factors affecting the fixed capital required.

19) आपके दृष्टिकोण से, अधिकार व उत्तरदायित्व में कोई तीन अन्तर बताइए। **[3]**

In your point of view, mention any three differences between authority and responsibility.

अथवा/OR

आपके दृष्टिकोण से, कार्यात्मक संगठन व प्रभागीय संगठन में कोई तीन अन्तर बताइए।

In your point of view, mention any three differences between functional organisation and departmental organisation.

खण्ड – द

SECTION - D

निबन्धात्मक प्रश्न – (200 शब्द)

Essay Type Questions - (200 words)

20) वित्तीय नियोजन का क्या महत्व है? (कोई चार बिन्दु) **[4]**

What is the importance of financial planning? (any four points)

अथवा/OR

पूंजी बजटिंग निर्णय का क्या महत्व है? (कोई चार बिन्दु)

What is the importance of capital budgeting decision? (any four points)

21) एक नियोक्ता के रूप में, नियुक्तिकरण प्रक्रिया के प्रथम चार चरणों को स्पष्ट कीजिए। **[4]**

As a employer, explain the first four steps of staffing process.

अथवा/OR

आपके विचार से, प्रशिक्षण व विकास से कर्मचारियों को क्या लाभ है? समझाइए।

In your views, what are the benefits of employees from training and development? Explain.

22) प्रबन्ध में 'पहल क्षमता' के सिद्धान्त का वर्णन कीजिए। **[4]**

Describe the principle of 'initiative' in management.

अथवा/OR

प्रबन्ध में आदेश की एकता के सिद्धान्त का वर्णन कीजिए।

Describe the principle 'Unity of Command' in management.

✈ ✈ ✈

DO NOT WRITE ANYTHING HERE